राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

क्रमांकः एफ.7 (5)(14) भर्ती 'ख'/AP/ Med. Edu./2020–21/27 **दिनांक : 02.05.2023**

प्रेस–विज्ञप्ति

सहायक आचार्य–चिकित्सा शिक्षा विभाग के पदों के विषयों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में दिनांक 08.03.2023 से 10.03.2023 तक संपादित की गई थी। उक्त काउन्सलिंग के दौरान अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in से विस्तृत आवदेन पत्र, निर्धारित प्रपत्र एवं आवश्यक दिशा–निर्देश डाउनलोड कर आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) की समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर सम्बन्धित शैक्षणिक (रिसर्च पेपर सहित), प्रशैक्षणिक, जाति, मूल–निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर दिनांक 10.05.2023 सांय 06 बजे तक आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करें।

आयोग द्वारा आवेदकों की पात्रता की जांच विज्ञापन की शर्तों के अनुसार किये जाने पर पात्र पाए गए अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

साक्षात्कार तिथि के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को यथा समय अवगत करवा दिया जाएगा।

(आशुतोष गुप्ता)
संयुक्त सचिव